**AFFIDAVIT / UNDERTAKING**

To,
The Director
Lucknow Model College of Pharmacy
Lucknow, Uttar Pradesh

I, Mr./Ms. ______________________________________, Son/Daughter of _________________________________, presently enrolled in the M. Pharm Programme at Lucknow Model College of Pharmacy, bearing Enrolment No. ________________________, do hereby solemnly affirm, declare, and undertake as under:

1. That the Master's Thesis/Dissertation submitted by me in partial fulfillment of the requirements for the award of the M. Pharm degree is my original and bona fide academic work carried out under the supervision and guidance of my Supervisor.
2. That the thesis has been prepared strictly in accordance with the academic, ethical, and research guidelines prescribed by the College, University, PCI, and other competent statutory authorities.
3. That no part of the thesis contains fabricated, manipulated, falsified, misleading, or misrepresented data, results, observations, tables, images, graphs, or conclusions.
4. That no unethical research practice, academic misconduct, forgery, impersonation, suppression of facts, or unauthorized use of intellectual property has been committed by me during the preparation or submission of the thesis.
5. That the thesis is completely free from plagiarism and unauthorized Artificial Intelligence (AI)-generated content, except where specifically permitted under applicable academic guidelines with proper disclosure and citation.
6. That all references, citations, experimental data, analytical reports, and findings included in the thesis are genuine, authentic, verifiable, and produced in good faith.
7. That I fully understand and acknowledge that submission of manipulated, plagiarized, fabricated, forged, or AI-generated academic content amounts to serious academic misconduct and may attract disciplinary as well as legal action.
8. That in the event any allegation, complaint, inquiry, or investigation in the future establishes that the thesis contains plagiarism, fabricated data, unethical practices, forged records, manipulated findings, or unauthorized AI-generated material, the Supervisor, Director, College Administration, or University Authorities shall have full and absolute right to:
    - Reject or cancel the thesis/dissertation;
    - Withhold or revoke the degree, result, or academic award;
    - Debar me from future academic or professional opportunities;
    - Impose a financial penalty up to ₹5,00,000/- (Rupees Five Lakhs Only);
    - Initiate disciplinary proceedings as per University/Institutional norms; and/or
    - Lodge an FIR and initiate appropriate civil and/or criminal proceedings against me under applicable provisions of Indian law relating to cheating, fraud, forgery, falsification of records, intellectual property violation, and academic misconduct.
9. That I shall be solely and personally responsible for all consequences arising out of any proven act of academic fraud, plagiarism, manipulation, falsification, or unethical conduct connected with my thesis work.
10. That this affidavit is being executed by me voluntarily, with full consciousness, sound mind, and without any force, coercion, or undue influence from any person whatsoever.

**DEPONENT**
Signature: ___________________________
Name: ______________________________ Enrolment No.: _____________________
Course: M. Pharm (Pharmaceutics), Lucknow Model College of Pharmacy
Date: ____________________Place: Lucknow

**VERIFICATION**

I, the above-named Deponent, do hereby verify that the contents of this Affidavit/Undertaking are true, correct, and complete to the best of my knowledge and belief, and that nothing material has been concealed therein.

Verified at Lucknow on this Date______________

**DEPONENT**

Signature: ___________________________

**<u>शपथ पत्र</u>**

सेवा में,
निदेशक महोदय,
लखनऊ मॉडल कॉलेज ऑफ फार्मेसी,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

मैं, श्री/सुश्री ____________________________, पुत्र/पुत्री ____________________________, वर्तमान में लखनऊ मॉडल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एम. फार्म पाठ्यक्रम का विद्यार्थी/विद्यार्थिनी, नामांकन संख्या ____________________ धारक, यह शपथपूर्वक घोषणा एवं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि

1. मेरी एम. फार्म शोध-प्रबंध (थीसिस/डिसर्टेशन) पूर्णतः मेरा मौलिक एवं वास्तविक शैक्षणिक कार्य है, जिसे मैंने अपने शोध-निर्देशक (Supervisor) के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में तैयार किया है।
2. प्रस्तुत शोध-प्रबंध महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) तथा अन्य सक्षम वैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित शैक्षणिक, अनुसंधान एवं नैतिक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है।
3. शोध-प्रबंध में किसी भी प्रकार के आँकड़ों (Data) में हेरफेर, मिथ्याकरण, कृत्रिम निर्माण, भ्रामक प्रस्तुतीकरण अथवा असत्य जानकारी, परिणाम, चित्र, तालिका, ग्राफ अथवा निष्कर्ष सम्मिलित नहीं किए गए हैं।
4. शोध-प्रबंध की तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण के दौरान मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक अनुसंधान कार्य, शैक्षणिक कदाचार, जालसाजी, प्रतिरूपण, तथ्य छिपाना अथवा किसी अन्य व्यक्ति की बौद्धिक संपदा का अनधिकृत उपयोग नहीं किया गया है।
5. प्रस्तुत शोध-प्रबंध पूर्णतः साहित्यिक चोरी (Plagiarism) से मुक्त है तथा इसमें किसी भी प्रकार की अनधिकृत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence - AI) द्वारा निर्मित सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है, सिवाय उन परिस्थितियों के जहाँ शैक्षणिक नियमों के अंतर्गत विधिवत अनुमति एवं संदर्भ (Citation) प्रदान किया गया हो।
6. शोध-प्रबंध में प्रयुक्त सभी संदर्भ, उद्धरण, प्रयोगात्मक आँकड़े, विश्लेषणात्मक प्रतिवेदन एवं निष्कर्ष वास्तविक, सत्यापित एवं सद्भावना के साथ प्रस्तुत किए गए हैं।
7. मैं पूर्ण रूप से यह समझता/समझती हूँ एवं स्वीकार करता/करती हूँ कि किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी, कृत्रिम अथवा मिथ्या आँकड़ों का उपयोग, जालसाजी, तथ्यों में हेरफेर अथवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा निर्मित अनधिकृत सामग्री प्रस्तुत करना गंभीर शैक्षणिक अपराध एवं दुराचार की श्रेणी में आता है, जिसके लिए शैक्षणिक एवं विधिक कार्यवाही की जा सकती है।
8. यदि भविष्य में किसी भी स्तर पर यह सिद्ध होता है कि मेरे शोध-प्रबंध में साहित्यिक चोरी, मिथ्या अथवा कृत्रिम आँकड़े, अनैतिक कार्य, कूटरचित अभिलेख, तथ्यों में हेरफेर अथवा अनधिकृत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सामग्री सम्मिलित है, तो मेरे शोध-निर्देशक, निदेशक, महाविद्यालय प्रशासन अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन को निम्नलिखित कार्यवाही करने का पूर्ण वैधानिक अधिकार होगा—
   - शोध-प्रबंध को निरस्त अथवा अस्वीकृत करना;
   - डिग्री, परीक्षा परिणाम अथवा शैक्षणिक उपाधि को रोकना अथवा निरस्त करना;
   - भविष्य की शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक गतिविधियों से प्रतिबंधित करना;
   - मुझ पर अधिकतम ₹5,00,000/- (पाँच लाख रुपये मात्र) तक का आर्थिक दंड अधिरोपित करना;
   - विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करना; तथा/अथवा
   - भारतीय दंड संहिता एवं अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत धोखाधड़ी, जालसाजी, अभिलेखों के मिथ्याकरण, बौद्धिक संपदा के उल्लंघन एवं शैक्षणिक कदाचार से संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराकर दीवानी एवं आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ करना।
9. शोध-प्रबंध से संबंधित किसी भी प्रकार के शैक्षणिक धोखाधड़ी, साहित्यिक चोरी, तथ्यों में हेरफेर, मिथ्याकरण अथवा अनैतिक आचरण सिद्ध होने पर उसके समस्त परिणामों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से पूर्णतः उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।
10. यह शपथ पत्र मैं पूर्ण होश-हवास, स्वेच्छा एवं बिना किसी दबाव, प्रलोभन अथवा अनुचित प्रभाव के निष्पादित कर रहा/रही हूँ।

**शपथकर्ता**

हस्ताक्षर : ___________________________ नाम : __________________________________________________________ नामांकन संख्या : __________________________ पाठ्यक्रम : एम. फार्म , दिनांक :_____________________________स्थान : लखनऊ

**सत्यापन**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता, यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ पत्र/प्रतिज्ञा पत्र में उल्लिखित समस्त कथन एवं तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य, सही एवं संपूर्ण हैं तथा इसमें कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य नहीं छिपाया गया है।

सत्यापित दिनांक ____ / ____ / 20____ को लखनऊ में।

**शपथकर्ता**

हस्ताक्षर : ___________________________